राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141–2715522 E-mail: modelschoolrcse@gmail.com

आजादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक : रा.स्कूल.शि.प. / जय / मॉडल स्कूल / संचालन / प्रवेश प्रक्रिया–170–II / पार्ट–I / 9599 दिनांक : 20/02/2024

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समग्र शिक्षा, सम्बन्धित जिले।

विषयः–स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के सत्र 2024–25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ करने के संबंध में निर्देश।

संदर्भः–राज्य सरकार शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग के पत्र क्रमांक प. 4 (15) शिक्षा–1 / मॉडल स्कूल / 2008 पार्ट जयपुर दिनांक 23.02.15, समसंख्यक पत्र दिनांक 30.06.15 एवं क्रमांक 4 (15) / शिक्षा–1 / मॉ. स्कूल / 2017 पार्ट जयपुर दिनांक 17.06.2021 ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि आपके जिले में संचालित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के सत्र 2024–25 में कक्षा 06, 08 एवं 09 में रिक्त सीटों के विरूद्ध प्रवेश हेतु राजस्थान सरकार द्वारा जारी संदर्भित प्रवेश नीति अनुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। इस हेतु राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के स्तर से निम्नानुसार कलैण्डर निर्धारित किया जाता है :–

कक्षा–6 से 8 के विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया कैलेण्डर :–

क्र.सं.	प्रवेश प्रक्रिया संबंधी कार्य	तिथियाँ
1	समाचार पत्रों / इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से विज्ञप्ति जारी किया जाना एवं प्रवेश हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार।	01.03.2024 तक
2	प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण करना	01.03.2024 से 11.03.2024
3	चयनित आवेदकों की सूची का निर्धारण	14.03.2024
4	प्रवेश हेतु चयनित आवेदकों की सूची जारी किया जाना	18.03.2024
5	चयनित आवेदकों से प्रवेश फार्म भरवाया जाना	28.03.2024
6	कक्षा 6–8 का संचालन प्रारम्भ किया जाना	01.04.2024

सत्र 2024–25 में कक्षा 6 से 8 में प्रवेश हेतु रिक्त स्थानों की उपलब्धता के आधार पर प्रवेश एवं आरक्षित सूची तैयार करने हेतु निम्नानुसार प्रवेश समिति का गठन किया जाता है –

क्र.सं.	प्रवेश समिति	पद
1	मॉडल स्कूल के निकटस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का प्रधानाचार्य	अध्यक्ष
2	ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी अथवा CBEO द्वारा नामित ACBEO-I or ACBEO-II	सदस्य
3	स्थानीय ब्लॉक से एक जन प्रतिनिधि (अध्यक्ष द्वारा नामित)	सदस्य
4	मॉडल स्कूल का प्रधानाचार्य	सदस्य सचिव

RajKaj Ref
5626882

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.02.18 11:41:05 IST
Reason: Approved

कक्षा–09 के विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया कैलेण्डर :–

क्र.सं.	प्रवेश प्रक्रिया संबंधी कार्य	तिथियाँ
1	प्रवेश प्रक्रिया तिथि के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु विज्ञप्ति जारी किया जाना।	01.03.2024 तक
2	प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन किया जाना	01.03.2024 से 11.03.2024
3	प्रवेश परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र तैयार करवाना।	04.03.2024
4	प्रवेश पत्रों का मुद्रण, प्रकाशन एवं वितरण।	09.03.2024
5	प्रवेश परीक्षा का आयोजन	15.03.2024
6	प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित कर चयनित आवेदकों की सूची जारी किया जाना।	22.03.2024
7	चयनित आवेदकों के प्रवेश फार्म भरवाना	23.03.2024 से 30.03.2024
8	कक्षा–09 का विधिवत संचालन प्रारम्भ किया जाना।	01.04.2024

कक्षा–09 में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र निर्माण, प्रवेश परीक्षा के क्रियान्वयन व प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराने का समस्त उत्तरदायित्व जिला स्तर पर गठित समिति का होगा, समिति का गठन निम्नानुसार किया जाता है :–

क्र.सं.	जिला स्तरीय प्रवेश परीक्षा समिति	पद
1	मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान	अध्यक्ष
2	प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET)	सदस्य
3	अति जिला परियोजना समन्वयक (ADPC), समग्र शिक्षा अभियान	सदस्य
4	प्रधानाचार्य–1, जिले में संचालित मॉडल स्कूलों में से	सदस्य
5	कार्यक्रम अधिकारी (मॉडल स्कूल), समग्र शिक्षा अभियान	सदस्य सचिव

इस क्रम में कक्षा 09 में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के बारे में स्पष्ट किया जाता है कि कक्षा–08 की "प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र" परीक्षा का परिणाम आने के 07 दिवस के भीतर कक्षा–09 के प्रवेश की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर नव प्रवेशी विद्यार्थियों हेतु अंतिम सूची जारी कर प्रवेश दिये जाए। स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों में पहले से ही 08वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नियमानुसार कक्षा 09 में प्रवेश देकर 01 अप्रैल, 2024 से विद्यालय की समस्त कक्षाओं का शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ किया जाये।

- कक्षा 10 व 12 में सीबीएसई के नियमानुसार प्रवेश दिया जाये।
- मॉडल विद्यालयों में कक्षा 11 की प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित निर्देश पृथक से जारी किए जायेंगे।

(अविचल चतुर्वेदी)
राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा एवं आयुक्त, स्कूल शिक्षा, राजस्कूशिप, जयपुर।
2. निजी सहायक, अति. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, संबंधित जिले।
4. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समसा, संबंधित जिले।
5. मुख्य ब्लॉक जिला शिक्षा अधिकारी, समसा, संबंधित जिले।
6. संस्थाप्रधान, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, संबंधित 134 ब्लॉक्स।
7. रक्षित पत्रावली।

राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त

Signature valid

RajKaj Ref 5626882

Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.02.18 01:41:05 IST
Reason: Approved